# औरैया पुलिस

## प्रेस-नोट

दिनांकः-28.09.2025

## थाना अछल्दा/एस0ओ0जी0/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा हत्या एवं हत्या के प्रयास के वांछित अभियुक्त को 48 घंटे के अन्दर पुलिस मुठभेड में किया गया गिरफ्तार-

**कार्यवाही-** पुलिस अधीक्षक औरैया के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो पर नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में में दिनांक 28.09.2025 को थाना अछल्दा/एस0ओ0जी0 की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना अछल्दा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 187/2025 धारा 190,191(2)/191(3)/109/353/126(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 191/25 धारा 3(5)/103(1)/61(2)/140(1)/238 बीएनएस से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त- सुखानी पुत्र शिववीर को पुलिस मुठभेड़ पश्चात गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक तमंचा, दो जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस .315 बोर व घटना में प्रयुक्त एक बिना नम्बर प्लेट की मोटर साईकिल बरामद की गई।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 24.09.25 को थाना अछल्दा पर सूचना प्राप्त हुई कि कुछ हमलावरों द्वारा विपिन यादव पुत्र महेश चंद्र यादव निवासी हरनारायणपुर थाना अछल्दा जनपद औरैया को गोली मार दी गयी है जिस पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घायल विपिन यादव को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा भेजा गया जहां उसका उपचार चल रहा है। विपिन यादव के द्वारा बताया गया कि शिवा भदोरिया पुत्र परशुराम भदौरिया निवासी ग्राम आशा थाना अछल्दा जनपद औरैया को भी गोली लगी थी जिसका कोई पता नहीं चला। उक्त प्रकरण के संबंध में थाना अछल्दा पर मु0अ0सं0 187/2025 धारा 190,191(2)/191(3)/109/353/126(2) बीएनएस बनाम 1.रजनीश पुत्र शिविर सिंह 2.सुखानी पुत्र सुखबीर निवासीगण ग्राम गौतला थाना अछल्दा 3.राहुल पुत्र राकेश निवासी ग्राम नगला रामलाल थाना अछल्दा 4. रॉकी पुत्र संजीव कुमार निवासी अज्ञात 5. आठ से दस व्यक्ति अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा दिनांक 26.09.2025 को ग्राम घसारा थाना अछल्दा से शिवा भदोरिया का शव प्राप्त हुआ था जिसमें पुलिस उच्चाधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा अभियोग मु0अ0सं0 191/25 धारा 3(5)/103(1)/61(2)/140(1)/238 बीएनएस पंजीकृत कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु 03 टीमों का गठन किया गया था जिसके क्रम में संयुक्त पुलिस टीम द्वारा त्योहारों के दृष्टिगत नगरिया तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति /वाहनो की चैकिंग के दौरान समय करीब 04:00 बजे सामने से एक मोटर साइकिल सवार व्यक्ति फफूँद की ओर से आता हुआ दिखायी दिया जिसको पुलिस द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो वह व्यक्ति संयुक्त पुलिस टीम को देखकर हडबडाकर गाडी तेज स्पीड मे चलाते हुये अंधियारी जाने वाली लिंक रोड पर भागने का प्रयास करने लगा कि अचानक मोटर साइकिल फिसलकर गिर गयी तभी वह व्यक्ति मोटर साइकिल छोडकर झाडियो की आड़ लेकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगा पुलिस टीम द्वारा सिखलाये हुए तरीके से बचाव करते हुए आत्मरक्षार्थ जबाबी फायरिंग की गयी जिसमें विपक्षी के के बांये पैर में गोली लगी तथा पुछताछ के दौरान उक्त घायल की पहचान वांछित अभि0 सुखानी उर्फ सुखेश के रूप मे हुई जिसे तत्काल उपचार हेतु सीएचसी अछल्दा भेजा गया है थाना अछल्दा पर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्त विवरण-**

1. सुखानी उर्फ सुखेश पुत्र शिववीर सिंह निवासी गौतला थाना अछल्दा जनपद औरैया।

**पंजीकृत अभियोग-**

01.मु0अ0सं0 194/25 धारा 352/109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना अछल्दा जनपद औरैया।

02.मु0अ0सं0 195/25 धारा 3/10 उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधि0 थाना अछल्दा जनपद औरैया।

**अपराधिक इतिहास**

01. मु0अ0सं0-239/17 धारा 308/323/341/506 भादवि थाना अछल्दा जनपद औरैया।
02. मु0अ0सं0-281/17 धारा 147/148/149/332/341/353/504 भादवि थाना अछल्दा जनपद औरैया।
03. मु0अ0सं0-.287/23 धारा 188 भादवि थाना अछल्दा जनपद औरैया।
04. मु0अ0सं0-293/20 धारा 323/504/506 भादवि थाना अछल्दा जनपद औरैया।
05. मु0अ0सं0-321/23 धारा 323/504/506 भादवि थाना अछल्दा जनपद औरैया।
06. मु0अ0सं0 65/23 धारा 323/504/506 भादवि थाना अछल्दा जनपद औरैया।
07. मु0अ0सं0 69/15 धारा 435/504 भादवि थाना अछल्दा जनपद औरैया।
08. मु0अ0सं0 82/23 धारा 147/148/149/323/504/506 भादवि थाना अछल्दा जनपद औरैया।
09. मु0अ0सं0 109/18 धारा 308/323/341/506 भादवि थाना अछल्दा जनपद औरैया।
10. मु0अ0सं0 252/24 धारा 190/191(2)/193(3)/109 बीएनएस थाना अछल्दा जनपद औरैया।
11. मु0अ0सं0 255/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अछल्दा जनपद औरैया।

**बरामदगी**

01. एक अदद तमंचा .315 बोर,
02. दो अदद जिन्दा कारतूस ,
03. एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर
04. घटना में प्रयुक्त एक बिना नम्बर प्लेट की मोटर साईकिल

**गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-**

01.श्री पंकज मिश्रा थानाध्यक्ष अछल्दा जनपद औरैया।

02. व0उ0नि0 सुरेश चन्द्र थाना अछल्दा जनपद औरैया।

03.उ0नि0 हेमन्त कुमार थाना अछल्दा जनपद औरैया।

04.उ0नि0 वृजकिशोर थाना अछल्दा जनपद औरैया।

05 हे0का0 सरमोहन थाना अछल्दा जनपद औरैया।

06.का0 कोमेश थाना अछल्दा जनपद औरैया।

07.का0विनीश कुमार थाना अछल्दा जनपद औरैया।

08.का0मोहन सिंह थाना अछल्दा जनपद औरैया।